# University in News on 03 June 2020

## AMAR UJALA MY CITY Page 2

### डॉ. अमरजीत बने समन्वयक

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के मानव चेतना व यौगिक विज्ञान संस्थान के डॉ. अमरजीत यादव को 21 जून को होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल संचालन के लिए राज्य समन्वय समिति का समन्वयक मनोनीत किया गया है। रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह के अनुसार उन्हें राज्य स्तरीय समन्वय समिति का समन्वयक बनाया गया है। जिसके लिए विश्वविद्यालय ने अपनी स्वीकृति दे दी है।

### लविवि में 30 जून तक अवकाश

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में 30 जून तक गर्मी की छुट्टियां घोषित कर दी गई हैं। रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह की ओर से जारी आदेश के अनुसार इस दौरान शिक्षण कार्य स्थगित रहेगा। दूसरी तरफ प्रवेश, परीक्षा व प्रशासनिक कार्य जारी रहेंगे।

## NBT Page 6

### एलयू ने अभ्यर्थियों को दी राहत

### अब स्मार्टफोन पर भी भर सकते हैं ऐडमिशन फॉर्म

■ **एनबीटी, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में इन दिनों प्रवेश फॉर्म भरने में अभ्यर्थियों को समस्याएं आ रही हैं। अभ्यर्थियों का कहना है कि साइबर कैफे न खुलने और नेटवर्क न होने से वह फॉर्म नहीं भर पा रहे हैं। वहीं, एलयू प्रवेश समन्वयक प्रो. अनिल मिश्र के मुताबिक, अभ्यर्थी स्मार्ट फोन पर भी फॉर्म भर सकते हैं। इस बार एलयू ने फॉर्म के लिंक को ऐसा बनाया कि वह किसी भी फोन पर आसानी से खुल सकता है। बता दें कि फॉर्म भरने की अंतिम तारीख 13 जून है।



### 15 अगस्त से पहले परीक्षा खत्म करवाने की तैयारी में एलयू

एलयू में मंगलवार को कुलपति की अध्यक्षता में हुई बैठक में परीक्षा कार्यक्रम पर चर्चा हुई। इसमें सात जुलाई से परीक्षा को शुरू करने और 15 अगस्त से पहले खत्म करने पर विचार हुआ, जिससे 1 सितंबर से नया सत्र शुरू किया जा सके। परीक्षा को लेकर अगली बैठक शुक्रवार को होगी।

## i-Next Page 3

### स्टूडेंट्स भी 'आत्मनिर्भर'

**LUCKNOW(2 June, inext):** कोरोना काल में जहां लोगों की नौकरी पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं वहीं एलयू अपने स्टूडेंट्स को आत्मनिर्भर बनाने में जुट गया है.

**i SPECIAL**

इसके लिए लखनऊ यूनिवर्सिटी प्रशासन ने मई में दो योजनाएं शुरू की हैं. इसके साथ ही अगले सेशन से स्टूडेंट्स के लिए हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी शुरू की जा रही है. यूनिवर्सिटी की इस पहल से स्टूडेंट्स को काफी फायदा मिलेगा. इससे स्टूडेंट्स को आत्मनिर्भर बनने में काफी मदद मिलेगी.

CONCEPT PIC



एलयू ने छात्रहित में शुरू की दो योजनाएं

सीड मनी के जरिये छात्र को मिलेंगे 5 लाख

छात्रों के आईडिया को मिलेगी रफ्तार

**कर्मयोगी योजना से मिलेंगे 15 हजार**

स्टूडेंट्स के लिए अधिष्ठाता छात्र कल्याण के तहत योजना शुरू की जा रही है. इसके तहत छात्र कल्याण कोष, जो पहले पुअर बॉयज फंड के नाम से जाना जाता था अब कर्मयोगी योजना के तहत स्टूडेंट्स इसका लाभ उठा पायेंगे. चयनित स्टूडेंट्स को हर सेशन में अधिकतम पंद्रह हजार की धनराशि दी जाएगी. इसके तहत यूनिवर्सिटी में हर उस छात्र को काम करने के लिए पैसा दिया जाएगा, जो प्रोफेशनल कोर्स कर रहा है. छात्र को दिन में दो घंटे व साल में 50 दिन काम करने का मौका मिलेगा.

**सीड मनी से छात्र को मिलेंगे 05 लाख**

स्टूडेंट्स हित, उनमें नई सोच और आईडिया को विकसित करने के लिए एलयू ने सीड मनी योजना की शुरुआत की है. स्टूडेंट्स को महात्मा गांधी रोजगार अध्ययन केंद्र के तहत काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल के निदेशक और एक चयनित एडवाइजरी बोर्ड उपयुक्त स्टूडेंट्स का चयन करेगा. स्टूडेंट्स उनके सामने बिजनेस प्रपोजल को रखेंगे. प्रपोजल के अनुसार स्टूडेंट्स को सीड मनी दी जाएगी. सीड मनी अधिकतम पांच लाख की होगी. चयनित स्टूडेंट एलयू के दूसरे छात्रों को नौकरी देनी होगी.

**इंश्योरेंस का मिलेगा लाभ**

पीजी में अर्थशास्त्र पढ़ने वाले छात्रों के लिए अगले सेशन से श्री विद्या प्रकाश मेमोरियल स्कालरशिप शुरू की जाएगी. स्कॉलरशिप नीति आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार की ओर से उनके पिता की स्मृति में शुरू की गई है. इसके लिए उन्होंने वीसी को प्रस्ताव भेजा था, जिस पर 30 मई को सहमति दे दी गई है. स्कॉलरशिप एमए अर्थशास्त्र के प्रथम वर्ष में पढ़ रहे छात्र को दी जाएगी. इसके अलावा एलयू नए सेशन में अपने हर स्टूडेंट्स के लिए इंश्योरेंस पॉलिसी लेकर आ रहा है. एलयू में एडमिशन लेने वाले हर स्टूडेंट्स का इंश्योरेंस कराया जाएगा. इसके लिए उनसे कुछ चार्ज लिया जाएगा. यह अभी तय नहीं है. हर स्टूडेंट्स का कम से कम एक लाख रुपए का बीमा किया जाएगा.